भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1134

05 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नए नर्सिंग कॉलेज

1134. श्री राजेश रंजनः

श्री दिनेश चंद्र यादवः

श्री गिरिधारी यादवः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्रीय बजट 2023-24 में घोषित एक सौ सत्तावन (157) नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) देश में उक्त 157 नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख) सरकार द्वारा वर्ष 2023 में 157 नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) "नर्सिंग शिक्षा का संवर्धन - मेडिकल कॉलेजों के साथ नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना" को अनुमोदन दिया गया है। अब तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 113 नर्सिंग कॉलेजों के प्रस्ताव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में प्राप्त हुए हैं और अनुमोदित किए जा चुके हैं। इनका विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

****

दिनांक 05.12.2025 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1134 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक

अनुमोदित किए गए 113 नर्सिंग कॉलेजों के विवरण सहित उन्हें पिछले 5 वर्षों के दौरान जारी की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	राज्य	उन जिलों के नाम जहां नर्सिंग कॉलेज स्थापित किया जाना है	जारी की गई धनराशि (करोड़ रुपए में)	धनराशि जारी करने का वर्ष
1.	अंडमान और निकोबार	पोर्ट ब्लेयर	2.50	2024-25
2.	**आंध्र प्रदेश**	**पिडुगुराला**	2.00	2023-24
		पडेरू	2.00	
		मछलीपट्टनम	2.00	
3.	असम	कोकराझार	2.00	2023-24
		धुबरी	2.00	
		नौगांव उत्तरी	2.00	
		लखीमपुर	2.00	
		दिफू	2.00	
4.	छत्तीसगढ़	कोरबा	3.00	2025-26
		महासमुंद	3.00	
		कांकेर	3.00	
5.	गुजरात	नर्मदा	4.00	2023-24
		नवसारी	4.00	
		पंचमहल	4.00	
		पोरबंदर	4.00	
		मोरबी	4.00	
6.	झारखंड	दुमका	2.00	2023-24
		हजारीबाग	2.00	
		पलामू (डाल्टनगंज)	2.00	
		कोडरमा	2.00	
		चाईबासा (सिंहभूम)	2.00	
7.	जम्मू और कश्मीर	हंदवाड़ा (जिला कुपवाड़ा)	2.00	2023-24

8.	हिमाचल प्रदेश	चंबा	9.00	2023-24 & 2025-26
		हमीरपुर	9.00	
		नाहन (सिरमौर)	9.00	
9.	हरियाणा	भिवानी	2.00	2023-24
10.	लद्दाख	लेह	2.50	2024-25
11.	मध्य प्रदेश	खंडवा	2.00	2023-24
		रतलाम	2.00	
		राजगढ़	2.00	
		शिवपुरी	2.00	2023-24
		मन्दसौर	2.00	
		दतिया	2.00	
		सतना	2.00	
		शहडोल	2.00	
		विदिशा	2.00	
		छिंदवाड़ा	2.00	
		नीमच	2.00	
		मांडला	3.00	
		सिंगरौली	2.00	
		श्योपुर	2.00	
12.	महाराष्ट्र	गोंदिया	3.00	2023-24
		नंदुरबार	2.00	2023-24
		जलगांव	3.00	2025-26
		सिंधुदुर्ग	3.00	
		यवतमाल	3.00	
		चंद्रपुर	3.00	
13.	मेघालय	वेस्ट गारो हिल्स (तुरा)	6.50	2023-24
14.	नागालैंड	कोहिमा	6.00	2023-24
		मोन	6.00	
15.	ओड़िशा	कालाहांडी	4.00	2023-24
		जाजपुर	4.00	
		बालासोर	4.00	
		बारीपदा (मयूरभंज)	4.00	
		बोलंगीर	4.00	

		कोरापुट	4.00	
		पुरी	4.00	
16.	राजस्थान	बाड़मेर	6.00	2023-24 & 2024-25
		भीलवाड़ा	6.00	
		डूंगरपुर	6.00	
		सीकर	6.00	
		धौलपुर	6.00	
		बारां	6.00	
		बांसवाड़ा	6.00	
		चित्तौड़गढ़	6.00	
		जैसलमेर	6.00	
		करौली	6.00	
		श्रीगंगानगर	6.00	
		सिरोही	6.00	
		बूंदी	6.00	
		सवाई माधोपुर	6.00	
		टोंक	6.00	
		हनुमानगढ़	6.00	
		झुंझुनूं	6.00	
		जालौर	6.00	
		प्रतापगढ़	6.00	
		राजसमंद	6.00	
		नागौर	6.00	2023-24 & 2025-26
		पाली	6.00	
		मसूदा (अजमेर)	6.00	
17.	उत्तराखंड	अल्मोड़ा	2.25	2024-25
		रुद्रपुर	2.25	2024-25
		पिथौरागढ़	2.25	2024-25
		हरिद्वार	2.25	2024-25
18.	उत्तर प्रदेश	बस्ती	6.00	2023-24 & 2024-25
		फैजाबाद	6.00	
		फिरोजाबाद	6.00	

		शाहजहांपुर	6.00	
		बहराईच	6.00	
		एटा	6.00	
		हरदोई	6.00	
		प्रतापगढ़	6.00	
		सिद्धार्थनगर (डोमरियागंज)	6.00	
		गाजीपुर	6.00	
		मिर्जापुर	6.00	
		बिजनौर	6.00	
		सुल्तानपुर	6.00	
		कुशीनगर	6.00	
		ललितपुर	6.00	
		लखीमपुर खीरी	6.00	2023-24 & 2025-26
		अमेठी	6.00	
		कौशांबी	6.00	
		सोनभद्र	6.00	
		फ़तेहपुर	2.00	2023-24
		चंदौली	2.00	
		बुलन्दशहर	2.00	
		गोंडा	2.00	
		पीलीभीत	2.00	
		औरैया	2.00	
		कानपुर देहात	2.00	
		देवरिया	2.00	
19.	सिक्किम	गंगटोक	6.50	2023-24 & 2025-26

*****